




# मौसम परिवर्तन से तापमान में कमी

## अक्टूबर माह के अंत में ही ठंडी हवाएं चलना शुरू, गर्म कपड़ों की दुकानें सजने लगीं

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. मौसम परिवर्तन के चलते इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत में ही ठंड का अहसास होने लगा है. न्यूनतम तापमान में भी तेजी के साथ गिरावट आने लगी है.**

पिछले दो-तीन दिनों से चक्रवात और अन्य मौसमी कारणों के चलते आसमान में बादल छाए रहे. आज भी सुबह कुछ देर के लिए सूर्यदेवता के दर्शन हुए मगर दिन भर सूर्यदेवता के बादलों की ओट में छिपे रहे. पिछले दिनों अचानक मौसम परिवर्तन के चलते आसमान में काले बादल छा गए थे और तेज बारिश का दौर भी देखने को मिला था. तो वहीं कल मंगलवार को दिनभर सागर सहित आसपास के क्षेत्रों में कोहरा छाया



रहा. मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात्रि का न्यूनतम तापमान 19.7 डिसे पर आ गया. जो इस वर्ष अभी तक सबसे कम रहा है. तो वहीं आज दिन का अधिकतम तापमान 27.4 डिसे रहा है. जो सामान्य से 4 कम है. तो वहीं आर्द्रता का प्रतिशत 95 और 88 है. इसके साथ ही अभी तक 42.2 मि.मी. बारिश दर्ज की जा चुकी है. मौसम परिवर्तन के चलते ठंडी हवाएं भी चल रही हैं. ठंड के अहसास के कारण गर्म कपड़े भी निकल आए हैं और कूलर-पंखे चलना बंद हो गए हैं. तो वहीं सिटी स्टेडियम के पीछे तिब्बती व्यापारी संघ द्वारा गर्म कपड़ों की दुकानें तैयार की जाना शुरु हो गई है जो अंतिम चरण में है. तो वहीं व्यापारियों द्वारा भी गर्म कपड़ों की खरीदी की जाकर दुकानों पर शोकेस में गर्म कपड़े सजाना भी शुरु कर दिया है. सर्द हवाओं और नमी भरे वातावरण ने मौसम को पूरी तरह खुशनुमा बना दिया. लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं और दिनभर शहर में धुंध और ठंड का मिला-जुला असर देखने को मिला. सागर विश्वविद्यालय परिसर और उसके आसपास का इलाका हिल स्टेशन जैसा दृश्य प्रस्तुत कर रहा था. कोहरे, हल्की बूंदाबांदी से परिसर के पेड़-पौधे और इमारतें धुंध में लिपट गईं. छात्रों और लोगों ने इस मनमोहक नजारे को मोबाइल में कैद किया.

## रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन

**सागर.** देव वृंदावन बाग मठ में 1 से 5 नवंबर बुधवार तक 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक श्री राम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. देव वृंदावन बाग मठ के महंत नरहरि दास ने बताया कि साकेत वासी महंत हरि भजन दास की पुण्य स्मृति में रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन एक नवंबर देव उठनी एकादशी से 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा तक किया जा रहा है, यह आयोजन का 36 वां वर्ष है. इसकी शुरुआत साकेतवासी महंत श्याम बिहारी दास द्वारा की गई थी. मानस सम्मेलन में मानस मर्मज्ञ पातालपुरी पीठा धीश्वर श्री राम बालक दास महाराज, श्रीमद, जगदगुरु मारूति किंकर महाराज, सूरदास रामायणी रामचरित मानस प्रवक्ता मानस भास्कर विद्यासागर पांडेय, मानस माधुरी राजकुमारी महोबा मौजूद रहेंगी.


# मवेशियों को जप्त कर कांजी हाऊस भेजा

## राहतगढ़ बस स्टैंड आरओव्ही के नीचे चल रहे पशु बाजार को हफसिली स्थानांतरित किया

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. नगर निगम द्वारा राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के पास लगने वाला पशु बाजार भी हफसिली में विस्थापित करने के निर्देश पशु व्यापारियों को लगातार दिये गए थे.**

उक्त निर्देशों का पालन न करने और उक्त स्थल पर खरीदी बिक्री हेतु मवेशी लाकर बाँधने पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने उक्त स्थल का निरीक्षण किया व यहां बंधे समस्त मवेशी जब्त कराकर कांजी हाउस पहुंचाने की कार्यवाही करायी. उन्होंने कहा कि डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली में पशु मेला क्षेत्र का निर्माण टीन शेड सहित किया गया है यहां पशुओं को बांधने से लेकर बिजली पानी सड़क आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं.



निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि सभी व्यापारियों द्वारा हफसिली के पशु मेला क्षेत्र में पशु बाजार लगाकर खरीदी बिक्री की जाएं. उन्होंने एक पशु विक्रेता के द्वारा पशुओं की पर्ची दिखाएं जाने पर उक्त पर्ची में भरी जानकारी और पशु बाजार का क्षेत्र आदि देख निगमकर्मियों को एक सूचना जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न शहरों की पशु बाजार मंडियों सहित किसानों व अन्य पशु व्यापारियों तक यह सूचना पहुंचाएं कि सागर शहर का पुराना पशु मंडी बाजार अब डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली के पशुमेला क्षेत्र में विस्थापित किया जा चुका है. शहर में पशुओं की खरीदी बिक्री हेतु पर्ची पर पशु बाजार मेला क्षेत्र हफसिली की जानकारी दें. निगमायुक्त श्री खत्री ने राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के नीचे लगने वाले पशु बाजार के कारण यहां होने वाली गंदगी से स्थानीय रहवासियों को होने वाली समस्या को लेकर रहवासियों से संवाद किया और यहां बनी झुग्गी बस्ती के रहवासियों की मांग पर झुग्गियों को विस्थापित कर सुंदर विकास हेतु प्रपोजल तैयार करने के निर्देश निगमकार्मियों को दिए.

## एक नजर में



### नोडल स्तरीय टेबिल टेनिस टूर्नामेंट

**सागर.** बीटीआईआरटी में नोडल स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में एडिना, ज्ञान सागर एवं बीटीआईआरटी के छात्रों ने भाग लिया. इस दौरान पुरुष वर्ग में बीटीआईआरटी कॉलेज विजेता रहा एवं एडिना कॉलेज उप विजेता रहा. कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष संतोष जैन घड़ी, सचिव डॉ. सत्येंद्र जैन, ग्रुप रजिस्टर डॉ. तरुण कुमार सिंह, स्पोर्ट्स अधिकारी हिमांशु गोयल, कार्यक्रम संचालक इंजी. समर्थ जैन, गजेंद्र सिंह, रितेश विनोदे, इंजी. शेख शाहिद, इंजी. भूपेंद्र नामदेव, दीपक रैकवार उपस्थित रहे.



### पूर्व सीएम से मुलाकात कर की चर्चा

**सागर.** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से मधुकरशाह वार्ड पार्षद तथा महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती रिचा सिंह ने भेंट की. इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई. श्रीमती सिंह ने बताया कि कांग्रेस संगठन द्वारा उन्हें राजगढ़ जिले की महिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में भी नियुक्त किया गया है. इस अवसर पर पार्षद सीमा चौधरी मौजूद थीं.




### मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तिव विकास पर परिचर्चा

**राहतगढ़.** शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य तथा व्यक्तित्व विकास को लेकर विद्यार्थियों के मध्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम प्रभारी संदीप जैन ने बताया कि तनाव प्रबंधन हेतु आंतरिक शक्ति को बढ़ाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है. डॉ श्रीकांत रिंगे ने कहा कि हमारे व्यक्तित्व का निर्माण तभी हो सकता है जब हम मानसिक स्वास्थ्य को अपने जीवन का आधार बनाएं. मुख्यवक्ता डॉ शिवकुमार राय के व्याख्यान को प्रसारित कराया गया. इस दौरान भरत पटेल, निधि नगाइच, रश्मि जैन, अनीता मालवीय, दीपशिखा नेमा, शिरोमणि मिश्रा, छोटूराम सेन, अनिल अहिरवार, कुंदनलाल पटेल, नफीस मकरानी, संजय पटेल, अजय पटेल और विद्यार्थी मौजूद थे. आभार भरत पटेल ने जताया.




### शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**रहली.** शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका राजमणि तिवारी, उपाध्यक्ष जया सोनी ने की. उन्होंने कहा सप्तशक्ति का अर्थ है आत्मशक्ति, ज्ञानशक्ति, कर्मशक्ति, भावना शक्ति, सहनशक्ति, सृजन-शक्ति और वीरांगनाओं की झांकियां और गीत रक्षकशक्तियां, समाज निर्माण की सुंदर प्रस्तुतियां ही कार्यक्रम की नींव हैं. स्वपना सराफ ने कुटुम्ब प्रस्तावना सप्तशक्ति प्रबोधन और पर्यावरण पर विचार नीलिमा सेंधिया ने दिए. संचालन रश्मि पटैरिया ने किया. प्राचार्य रामस्वरूप विश्वकर्मा और श्रीवास्तव ने वृक्षारोपण के महत्व सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग पर बात की. पूर्व पार्षद सुलोचना सोनी ने महिलाओं की भूमिका पर भावपूर्ण कविता सुनाई. शुभ्रा अवस्थी ने स्वबोध विषय पर प्रेरणादायी विचार रखे. रितु मिश्रा ने नारी सशक्तिकरण पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया. प्राथमिक विभाग की छात्राओं ने ओ री चिरैया गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया.

# गुरु नानक जयंती पर कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है. 2 नवंबर को नगर कीर्तन निकलेगा.**

श्री गुरु सिंघ सभा द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरुद्वारा भगवानगंज से रविवार 02 नवंबर को सुबह से नगर कीर्तन निकलेगा. नगर कीर्तन भगवानगंज गुरुद्वारा से शुरू होकर सदर बाजार, राधा तिराहा, कटरा बाजार, तीन बत्ती, गौर मूर्ति, विजय टाकीज, ओवरब्रिज, गुरुद्वारा भगवानगंज में शाम 6 बजे संपन्न होगा.

संस्कृति विभाग संस्कृति परिषद एवं पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के द्वारा विशेष गुरुमत समागम एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के सागर के सहयोग से आयोजित होगा. 5 नवंबर बुधवार को ये कार्यक्रम होंगे. प्रातः 9 बजे समाप्ति श्री अखंड पाठ साहिब प्रातः 9.30 से 11 बजे आरती एवं शबद कीर्तन हजूरी रागी जत्था ज्ञानी गुरुवचन सिंह जी द्वारा प्रातः 11 बजे से शब्द कीर्तन संत सुरेंदर सिंह का होगा. दोप. 12. 30 बजे निशान साहिब की सेवा उपरांत अरदास और हुकुमनामा होगा. संध्या दा दीवान, शबद कीर्तन ज्ञानी रंजीत सिंह 9.30 से 10.30 बजे तक शबद कीर्तन ज्ञानी गुरुवचन सिंह 10.30 से 12 बजे तक शब्द कीर्तन संत सुरेन्द्र सिंह होगा. बच्चों का विशेष गुरुमत कार्यक्रम 22 नवंबर को होगा.

# दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हुआ

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. इस वर्ष देश ने दो दीपावली मनाईं, आपरेशन सिंदूर में भारत की मिसाइलों ने पाकिस्तान में दीपावली मनाई जिससे पूरे विश्व में नये भारत की ताकत और संकल्प शक्ति का संदेश गया है. यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का पर्व है.**

यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए.



श्री सिंह ने कहा कि आज देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य ताकत है. उन्होंने कहा कि मिलन समारोह भारत की सामूहिक चेतना के प्रतीक हैं. भारत के ज्ञान व आध्यात्म के पीछे पूरी दुनिया है. कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने आर्केस्ट्रा के साथ दो गीतों को शानदार स्वरों में सुनाए. दीपावली मिलन समारोह में मुंबई से आईं पार्श्व गायिका प्रियंका श्रीवास्तव और उनके अरोमा म्यूजिकल ग्रुप के गीतों की प्रस्तुतियों हुई. संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने किया आभार कार्यक्रम के आयोजक तिलहन संघ के अध्यक्ष महेश साहू ने व्यक्त किया.

## रेलवे गेट क्रमांक 29 आज से रहेगा बंद

**सागर.** रेलवे द्वारा सागर-मकरोनिया खंड के मध्य स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट क्रमांक 29 पर रेल पथ अनुरक्षण कार्य किया जाएगा. इस कार्य के दौरान उक्त गेट को 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक दिन और रात दोनों समय के लिए सड़क यातायात हेतु पूर्णतः बंद रखा जाएगा. इस अवधि में यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित कराने हेतु आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि रेल पथ अनुरक्षण कार्य सुचारु रूप से पूर्ण किया जा सके.

# एमएफआईएन द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. माइक्रो फाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क द्वारा बीएसएस सोनाटा फाइनेंस के सहयोग से एक माइक्रोफाइनेंस ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस दौरान प्रतिभागियों को बचत और निवेश, ऋण एवं कर्ज प्रबंधन, बजटिंग, बीमा, तथा धोखाधड़ी से बचाव जैसे विषयों पर जानकारी दी गई. बचत और निवेश के अंतर्गत विभिन्न बचत योजनाओं एवं निवेश विकल्पों की जानकारी दी गई. ऋण लेने, समय पर चुकाने के महत्व पर जोर दिया गया.



रीजनल हेड धीरज सोनी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 35 माइक्रोफाइनेंस कंपनियां कार्यरत हैं, जो सभी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित हैं. मुख्य अतिथि चेतेंद्र सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक लीड बैंक ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में बीएसएस सोनाटा माइक्रोक्रेडिट लिमिटेड की ओर से कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार यादव, भुवनेश्वर सिंह एवं लक्ष्मी पटेल उपस्थित रहे. इसके साथ ही मकरोनिया ब्रांच के सभी स्टाफ सदस्य सक्रिय रूप से कार्यक्रम में सहभागी बने.

## जनसुविधा केंद्र स्थापित

**सागर.** नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम कार्यालय में आने वाले हितग्राहियों एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये निगम कार्यालय में जनसुविधा केंद्र स्थापित किया गया है. निगमायुक्त ने जनसुविधा केंद्र पर कार्य करने हेतु विभिन्न कर्मचारियों को पदस्थ करने के आदेश दिए हैं. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि ननि कार्यालय आने वाले नागरिकों को समस्याओं के निराकरण हेतु परेशान होना पड़ता था लेकिन अब जनसुविधा केन्द्र प्रारंभ हो जाने के बाद एक ही स्थान पर नागरिक आवेदन दे सकेंगे.

# आईएमए का मौन प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. महाराष्ट्र के सतारा जिले में महिला डॉक्टर के साथ हुए अमानवीय व्यवहार तथा उत्पीड़न की घटना के विरोध में, आईएमए के सभी सदस्य काली पट्टी बांधकर कार्यस्थलों पर उपस्थित हुए.**

उक्त महिला डॉक्टर को कथित रूप से फर्जी प्रमाणपत्र बनाने के दबाव, पुलिस द्वारा उत्पीड़न, तथा सांसद एवं उसके निजी सहायक द्वारा प्रताड़ना का सामना करना पड़ा था. इस दौरान अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, सचिव डॉ. रोशी जैन ने बताया कि डॉक्टरों के खिलाफ लगातार बढ़ती हिंसक और अपमानजनक घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं. डॉक्टर ने उत्पीड़न की शिकायत पूर्व में की थी.


# आरक्षक भर्ती परीक्षा आज से

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आरंभ हो रही है, जिले में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 3 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है.**

परीक्षा के सुचारु सफल संचालन हेतु संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिए. नोडल अधिकारी वाय पी सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा प्रतिदिन दो पारियों में आयोजित होगी. प्रथम पारी में परीक्षार्थी प्रात: 8 बजे से 9:30 बजे के बीच रिपोर्टिंग करेंगे एवं परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी. दोपहर की पारी में परीक्षार्थी 12:30 से 2 बजे तक रिपोर्टिंग करेंगे, परीक्षा 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगी.

उन्होंने बताया कि सागर में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें डीपीएस प्राइवेट आईटीआई स्टेशन रोड गंभीरिया, ज्ञानवीर इंस्टिट्यूट एंड मैनेजमेंट साइंस कॉलेज राजघाट रोड तीली एवं ज्ञानवीर प्राइवेट आईटीआई राजघाट रोड तिली बनाए गए हैं. उन्होंने बताया कि परीक्षा में कैलकुलेटर-समस्त प्रकार की घड़ी, टोपी, पर्स, बेल्ट, धूप वाला चश्मा पूर्णतः प्रतिबंधित है. अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार के आधुनिक संचार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग नहीं किया जा रहा है यह सुनिश्चित करने का दायित्व संबंधित केन्द्राध्यक्ष, आर्जवर, तकनीकी आर्जवर, वीक्षक का रहेगा. परीक्षा कार्यों में नियुक्त सभी अधिकारियों को घोषणा पत्र देना होगा कि उनके कोई निकट संबंधी पति, पत्नि, पुत्र, पुत्री, दामाद, बहू इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहे हैं.



## उपेक्षा की शिकार बावड़ी

**रहली.** मराठा शासक रानी लक्ष्मीबाई खेर द्वारा लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व निर्मित बावड़ी आज उपेक्षा का शिकार होने से अपना अस्तित्व खोने लगी है. कभी जिसका मीठा पानी परिसर में नरेंद्र मंदिर में भगवान के जलाभिषेक पूजा, परिवारों के लिए पीने योग्य रहता था. उपेक्षा के कारण अब यह बावड़ी साफ-सफाई के अभाव में खतरनाक दिखाई देने लगी है, एक बार फिर नगर के लोगों ने इसकी स्वच्छता का बीड़ा उठाया है. अगुवाई कर रहे मनोज पांडे ने बताया कि जन सहयोग से शुरू बावडी सफाई अभियान में मुन्ना ललित जैन, लक्ष्मीकांत पटेल, सुधीर जैन, कमलेश पटेल सहित अनेक नागरिक शामिल हैं.

# नए कचरा संग्रहण वाहनों को रवाना किया

नवभारत न्यूज

**बांदरी 29 अक्टूबर. जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज सिंह बांदरी एवं चंद्रापुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुईं. उन्होंने बांदरी में सीसी रोड लोकार्पण व नए कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

उन्होंने चंद्रापुर में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया. उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री व विधायक भूपेंद्र सिंह के प्रयासों से बांदरी में लगातार विकास कार्य किए गए हैं. उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री ने क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के साथ ही सभी वार्डों में सड़क, पानी की व्यवस्था, खेल मैदान व शिक्षा की सौगातें दीं हैं. पूर्व जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि श्री सिंह को जो भी कार्य बताए हैं उन्हें पूरा किया गया है.उन्होंने कहा कि



बांदरी में सबसे अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं. उन्होंने कहा कि महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है. इस दौरान महिलाओं की समस्याएं सुनीं. श्रीमती सिंह ने हितग्राहियों के लिए राशन पात्रता पर्ची व मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन के स्वीकृति पत्र वितरित किए.

इस अवसर पर नप अध्यक्ष सुधा सिंह, विश्वनाथ सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, पप्पू मुकद्म, बंटी राजपूत, सुरेन्द्र सिंह लोधी, लोकेंद्र सिंह, अभय सिंह, सचिन साहू, मुकेश जैन, नरेश जैन, रावराजा राजपूत, इंद्राज सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र जानी, अवधेश सिंह, लक्ष्मीकांत मुड़ोतिया, उमेश राय, प्रभाकर वर्मा, मकसूद खान, राजेन्द सिंह ठाकुर, डीआर रोहित, शारदा लोधी, लक्ष्मी लोधी, सुनीता ताम्रकार, सम्मर सिंह, सनत साहू, देवीदयाल कुशवाहा, संतोष पटैल, गोविंद अहिरवार सहित सभी पार्षद, नप के कर्मचारी, भाजपा नेता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे.

युवा उत्सव | जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

# युवा वर्ग समाज में सकारात्मक परिवर्तन करने में सक्षम : विधायक श्री जैन

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अक्टूबर. शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.**

जिले के विभिन्न महाविद्यालय की 17 टीमों ने भाग लिया. अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने की. युवा उत्सव कार्यक्रम संयोजक डॉ. संगीता मुखर्जी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं की जानकारी दी.




संचालन डॉ. अमर कुमार जैन, आभार डॉ. राणा कुंजर सिंह ने माना. मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि युवा राष्ट्र की सच्ची शक्ति हैं. जब वे कला, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से अपनी बात रखते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संचार होता है. विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नितिन शर्मा ने कहा कि युवा उत्सव जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं. डॉ. मीना पिंपलापुरे ने कहा कि युवा उत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, यह आत्म अभिव्यक्ति और संवेदनशीलता का मंच है. रंगकर्मी रविन्द्र दुबे ने कहा कि मंच पर खड़ा हर कलाकार कल को आकार देने का काम करता है वह समाज की आत्मा को अभिव्यक्त करता है. विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में जो सादगी और सत्यता दिखी, वह भविष्य के बेहतर समाज की झलक है.

प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील है, युवा उत्सव न केवल प्रतिभा प्रदर्शन का माध्यम है, बल्कि यह विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है.


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार आरती पांडेय पति महेश पांडेय निवासी वेयर हाऊस कृष्ण बिहार बस्ती गोपालगंज सागर ने मिथलेश सेन पति राजेंद्र सेन निवासी वृंदावन वार्ड अहमद नगर सागर से दिनांक 04.12.2023 को एक प्लॉट बम्होरी पटवारी हल्का नं.49 खसरा नंबर 76/1, 77/3 एवं 81/3 में से रकबा 20×40=800 वर्गफुट प्लॉट क्रय किया था जो रजिस्ट्रर्ड बैनामा के माध्यम से क्रया किया था। मिथलेश सेन द्वारा मुझे असल बैनामा नहीं दिया गया, जिससे ऐसा अंदेशा है कि मेरे पक्षकार की असल बैनामा का दुरुपयोग किया गया है। यदि कोई बैंक अथवा वित्तीय संस्था उक्त रजिस्ट्री पर लोन कर्जा लिए हो तो वह मिथलेश सेन स्वंय जबावदार रहेंगी। मेरे पक्षकार की कोई जबावदारी नहीं होगी।

सागर/दिनांक

अधिवक्ता
नितिन दुबे एडव्होकेट
मो.नं. 9165852264